दिनांकः 28.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- पहलगाम आतंकी हमले को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना की तैयारियों के सिलसिले में सीडीएस अनिल चौहान से मुलाकात कीं
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी–जोधपुर के शीन, काफ निज़ाम को पद्मश्री मिलेगां
- प्रदेश में प्रचंड गर्मी का दौर बरकरार–सरहदी जिलों में पारा फिर से 45 डिग्री के पारं
- आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला गुजरात टाइटन्स सें

000

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना की तैयारियों को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान से मुलाकात कर विचार विमर्श कियां रक्षा मंत्री के निवास पर आयोजित इस बैठक में श्री सिंह को सेना की रणनीति और तैयारियों की जानकारी दी गयीं सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी भी बल की तैयारियों से संबंधित मुद्दों पर कल गृह मंत्रालय गयें इस बीच भारतीय नौसेना ने सफलतापूर्वक पोतरोधी मिसाइल अभ्यास किया और कहा कि वह किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं

इधर, प्रदेशभर में मामले से उपजे जन आक्रोश के बीच कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न जिलों में प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले की कानून व्यवस्था को लेकर वीसी के माध्यम से अधिकारियों की बैठक लीं उन्होंने प्रत्येक स्तर पर संवाद कायम रखते हुए कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दियें

उधर, सरहदी जिले बाड़मेर में पुलिस नियंत्रण कक्ष में सीएलजी और शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में संभागीय आयुक्त ने अधिकारियों को किसी भी भ्रामक सूचना या अफवाह पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दियें

इस बीच, पहलगाम हमले के मृतकों और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करने को लेकर कल भी कई आयोजन हुएं दौसा में स्काउट गाइड की ओर से कैंडल मार्च निकाला गयां राजधानी जयपुर में भी कई संगठनों की ओर से कल रविवार को श्रद्धांजलि सभाएं रखी गईं

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगीं देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों– पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री में दिये जाते हैं कला, समाज सेवा, जनहित कार्य, विज्ञान और अभियांत्रिकी, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य तथा शिक्षा, खेलकूद और लोकसेवा सहित विभिन्नि क्षेत्रों में यह सम्मान दिया जाता हैं इस वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने 139 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थीं इसमें सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं

जोधपुर निवासी शीन काफ निज़ाम को भी पद्मश्री पुरस्कार से नवाज़ा जाएगां श्री निज़ाम उर्दू भाषा के शायर, चिंतक और आलोचक के तौर पर जाने जाते हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में किसानों द्वारा कृषि क्षेत्र में किये जा रहे नवाचारों की सराहना कीं प्रधानमंत्री ने प्रतापगढ जिले के प्रगतिशील किसान जितेन्द्र सिंह राणाावत का भी जिक्र करते हुए उनके द्वारा की जा रही लीची की खेती को दूसरों के लिए भी प्रेरणादायी बताया हैं एक रिपोर्ट –

.............

000

प्रदेश में प्रचंड गर्मी का दौर बरकरार हैं पश्चिमी जिलों में तेज गर्मी और गर्म हवाओं ने जनजीवन झकझोर दिया हैं सरहदी जिलों जैसलमेर और बाडमेर में दिन के समय बढते तापमान के चलते गलियां और बाजार सूने दिखाई दे रहे हैं जैसलमेर में कल अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गयां वहां लोगों को रात को भी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही हैं

.............

बाडमेर में कल दिन का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गयां मौसम विभाग के अनुसार आज से अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री बढ़ोतरी की संभावना हैं जोधपुर तथा बीकानेर संभाग के कुछ भागों में तापमान 44 से 46 डिग्री के बीच रहने की संभावना जताई गई हैं

000

प्रदेश में बाघों का कुनबा अब राष्ट्रीय अभ्यारण्य क्षेत्र के अलावा संरक्षित बायोलॉजिकल पार्कों में भी बढ़ने लगा हैं जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में बाघिन 'रानी' ने कल पांच शावकों को जन्म दिया हैं पार्क प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों सहित वन्यजीव प्रेमियों में इस खबर से खुशी की लहर हैं और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

.............

000

मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत आज से प्रदेश में जनजागृति गतिविधियां शुरू हो रही हैं हमारे पाली संवाददाता ने बताया 11 मई तक चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता अलग–अलग क्षेत्रों में लोगों से सम्पर्क कर उन्हें सीमित परिवार के लाभ बताएंगें

...............

000

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगां जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में ये मैच शाम साढे सात बजे से खेला जायेगां राजस्थान रॉयल्स घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस को पहली बार हराने के लक्ष्य के साथ उतरेगीं सीजन में राजस्थान ने अब तक खेले गए नौ मैचों में से दो में जीत हासिल की हैं

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से होने वाली प्राध्यापक विद्यालय प्रतियोगी परीक्षा–2024 के लिए आज से आवेदन पत्र भरे जा सकेंगें आयोग ने विभिन्न विषयों के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए अलग–अलग तारीखों पर लिंक खोलने का फैसला किया हैं वहीं कांस्टेबल भर्ती 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया भी आज से शुरू हो रही हैं ये आवेदन 17 मई तक ऑनलाइन भरे जा सकते हैं इसके माध्यम से कांस्टेबलों के 9 हजार 617 खाली पदों पर भर्ती की जाएगीं

000